प्रेस नोटः-

थाना प्रेमनगर, झाँसी

दिनाँक 05.07.2025

- **झाँसी पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही सख्त कार्यवाही,**
- **अवैध असलहा-कारतूस सहित 03 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 03 तमंचा व 03 जिन्दा कारतूस बरामद**

कृपया अवगत कराना है कि श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री केशव कुमार चौधरी के कुशल मार्गदर्शन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में आज दिनाँक 04.07.2025 को थाना प्रेमनगर पुलिस द्वारा 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से पृथक-पृथक 03 तमंचे (02 तमंचा 315 बोर, 01 तमंचा 12 बोर) व 03 जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में अभियुक्तों के विरुद्ध थाना स्थानीय पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

अभियुक्तों का विवरण-

1. सोनू खान पुत्र नवाब खान निवासी ग्राम रेलवे कालोनी माल गोदाम के सामने थाना प्रेमनगर जनपद झांसी उम्र करीब 21 वर्ष
2. पंकज गुप्ता पुत्र सुशील कुमार निवासी ग्राम मंगलपुर थाना मंगलपुर जिला कानपुर देहात उम्र करीब 28 वर्ष
3. राजू बाल्मीकि पुत्र सीताराम बाल्मीकि निवासी नेहरू नगर बाल सुधार गृह के पास कोतवाली ललितपुर जिला ललितपुर उम्र करीब 54 वर्ष

बरामदगी- 03 तमंचे (02 तमंचा 315 बोर, 01 तमंचा 12 बोर) व 03 जिन्दा कारतूस

गिरफ्तारी का स्थान/दिनाँकः- बिजौली रेलवे स्टेशन के आगे मथुरापुरा रोड से पहले अन्डरपास के पास, थाना प्रेमनगर, झाँसी/ 04.07.2025

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम- थाना प्रेमनगर पुलिस टीम